# दीपावली पर स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिला गए मुख्यमंत्री

## भाजपा नगर द्वारा आयोजित मिलन समारोह में सम्मिलित हुए

- भाजपा नेता कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का किया सम्मान
- सीएम किसानों को 1800 करोड़ की सहायता दी



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में भाजपा नगर द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि अधिकाधिक रूप से स्वदेशी अपनाएंगे. सीएम ने ज़ोर दिया कि हमें ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे हमारे स्थानीय शिल्पकार समृद्ध हों और ज़्यादा से ज्यादा लाभान्वित हों.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्थानीय आस्था गार्डन में आयोजित इस समारोह को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, राज्य वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल, रूप पमनानी, वीरेंद्र कावड़िया, विवेक जोशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

**त्यौहार हमे आनंद प्रदान करते-** अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे तीज-त्यौहार हमें आत्मिक आनंद प्रदान करते हैं. उन्होंने सभी से मिलजुलकर त्योहारों का आनंद उठाने, प्रसन्नता और समृद्धि प्राप्त करने की कामना की. इसके साथ ही उन्होंने त्योहार के संदेश को अंगीकार करते हुए जीवन को पुण्य से भरा रखने की बात कही. स्वदेशी के आह्वान के साथ उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था निरंतर वृद्धि कर आगे बढ़ रही है.

**हमारी सरकार किसानों के लिए तत्पर-** मुख्यमंत्री ने किसान हितैषी सरकार के फैसलों का ज़िक्र करते हुए बताया कि आपदा प्रकोप से पीड़ित किसानों को अब तक 1800 करोड़ की सहायता राशि दी जा चुकी है. उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को फसल बीमा तथा भावांतर का लाभ भी मिलेगा. उन्होंने किसानों को उपज का अधिक मूल्य दिलाने के लिए निरंतर खरीदी दरों में वृद्धि किए जाने की जानकारी दी, जिसका उदाहरण उन्होंने सोयाबीन एवं गेहूं की खरीदी दरों में हुई वृद्धि को बताया. इसके अतिरिक्त, उन्होंने लाडली बहनों की सहायता राशि में भी निरंतर वृद्धि किए जाने की बात कही.

### लाइट एंड साउंड शो की जानकारी

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में उज्जैन महाकाल लोक में शुरू होने वाले लाइट एंड साउंड शो की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि इस शो के माध्यम से उज्जैन की गौरव गाथा को देखा व सुना जा सकेगा. इस अवसर पर डॉ. सत्यनारायण जटिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य में विकास के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने नदी जोड़ो जैसी महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन किए जाने का उल्लेख किया और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं.

## अतिथि शिक्षकों को मिलेगा लंबित मानदेय भुगतान

**जबलपुर.** प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कतिपय अतिथि शिक्षकों का मानदेय जुलाई एवं अगस्त माह के कुछ दिवसों का मानदेय ई-अटेंडेंस नहीं लग पाने कारण लंबित रह गया था. ई-अटेंडेंस का प्रारंभिक चरण होने के कारण कुछ अतिथि शिक्षकों को इसका पालन करने में दिक्कत हुई. स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के निर्देश पर लंबित मानदेय का भुगतान करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये. इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देश पर अतिथि शिक्षक की शाला में उपस्थिति पंजी के आधार पर उसकी एंट्री एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर करने के लिये कहा गया है. इस प्रक्रिया के बाद इन दिवसों का मानदेय पोर्टल से जनरेट हो सकेगा.

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने की फसल बीमा की समीक्षा

## किसानों को सरलता और पारदर्शिता के साथ मिले खाद-बीज : शिवराज

**सीहोर, 21 अक्टूबर. केन्द्रीय कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर खाद-बीज वितरण व्यवस्था को और अधिक सुगम, सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए.**



उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा हर वर्ष खाद पर सब्सिडी प्रदान की जाती है, ताकि किसानों को सस्ती दर पर खाद मिल सके. खाद वितरण की व्यवस्था इस प्रकार हो कि खाद लेने के लिए किसान को न तो लाइन में लगना पड़े और न ही परेशान होना पड़े. कई बार किसान खाद प्राप्ति और वितरण की ऑनलाइन प्रक्रिया से भलीभांति अवगत नहीं हो पाते, इस कारण उन्हें खाद प्राप्ति में समस्याएं आती है, इसलिए उन्हें खाद वितरण की ऑनलाइन प्रक्रिया से अवगत कराया जाए.

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने जिले में अब तक की खाद आपूर्ति और वितरण के बारे में विस्तार से जानकारी ली. उन्होंने कहा कि यदि खाद की आवश्यकता है तो राज्य सरकार के माध्यम से मांग केंद्र को भेजी जाए. इसके साथ ही मीडिया के माध्यम से किसानों को प्रतिदिन की खाद की उपलब्धता की जानकारी दी जाए. ताकि किसानों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो. यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद आने के पश्चात ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से प्राप्त होने वाली जानकारी जिले के संबंधित विभागों को त्वरित रूप से प्राप्त हो सके.

> उन्होंने कहा कि नकली दवा व खाद का विक्रय जिले में न हो इसके लिए सतत निरीक्षण किया जाए और सैंपल संकलित किए जाए. इसके साथ ही नकली खाद बेचने वालों, अवैध भंडारण एवं परिवहन करने वालों, कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए. किसानों को नैनो यूरिया लेने के लिए प्रेरित किया जाए. इसके साथ ही किसानों को चना और मसूर की बुवाई के लिए प्रेरित किया जाए ताकि जिले में चना और मसूर का रकबा बढ़ाया जा सके.

# मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार के कारण पिछड़ रहा

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**भोपाल, 21 अक्टूबर. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश भ्रष्टाचार और आर्थिक बदहाली की ओर बढ़ रहा है।**

उन्होंने एक्स के माध्यम से बताया कि प्रदेश सरकार न तो अपने संसाधनों से राजस्व का प्रबंधन कर पा रही है और न ही केंद्र सरकार से वह राशि प्राप्त कर पा रही है जो राज्य को चालू वित्त वर्ष में आवंटित है कमलनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश को चालू वित्त वर्ष में 44,000 करोड़ रुपये देने थे, लेकिन अब तक केवल 8,000 करोड़ रुपये ही मिले हैं, जो तय राशि का लगभग 18 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश को मिलने वाली 8,500 करोड़ रुपये की राशि भ्रष्टाचार के कारण अब तक एक भी पैसा नहीं मिला।

### भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की जाए



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा जैसी गरीब और वंचित तबकों से जुड़ी योजनाओं में भी प्रदेश को स्वीकृत राशि के मुकाबले बहुत कम पैसा मिला है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आह्वान किया कि वित्तीय कुप्रबंधन पर अंकुश लगाते हुए भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की जाए और जनकल्याण की योजनाओं के लिए निर्धारित राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए। कमलनाथ ने एक्स पर ट्वीट में यह भी कहा कि प्रदेश की छवि भ्रष्टाचार के कारण इतनी खराब हो गई है कि भाजपा की केंद्र सरकार मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर भरोसा नहीं कर पा रही।



# गरीब की जेब से चुराए पैसे

- संेधवा शहर पुलिस ने लौटाई मुस्कान

**भोपाल, 21 अक्टूबर.** दीपावली जैसे खुशी और रोशनी के पर्व पर बड़वानी जिले के सेंधवा शहर पुलिस ने ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसने पूरे समाज के सामने पुलिस की मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का नया रूप रखा. ग्राम पिसनावल निवासी एक मजदूर ने थाना सेंधवा पहुंचकर बताया कि महाराष्ट्र के चांदवड़ में उसने मेहनत- मजदूरी कर 52,000/- कमाए थे. दीपावली पर घर के लिए खरीदारी करने वह अपनी पत्नी के साथ सेंधवा के सदर बाजार आया. तभी बाजार में उसकी पत्नी के पास से 50,000 नकद चोरी हो गए.

# कांग्रेस करेगी नियम तोड़ने वाले नेताओं पर कार्रवाई

- बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई
- सदस्यों को अनुशासनहीनता के मामलों में नोटिस जारी





विशेष संवाददाता

**भोपाल, 21 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक एवं उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने की, जो समिति के अध्यक्ष भी हैं।**

बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी नियमों और अनुशासन का उल्लंघन करने वाले सदस्यों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में पार्टी मुख्यालय को लगभग 2000 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से अधिकांश इंदौर और उज्जैन से संबंधित हैं. इन शिकायतों के आधार पर कई सदस्यों को अनुशासनहीनता के मामलों में नोटिस जारी किए जा चुके हैं। समिति ने स्पष्ट किया कि संगठन में एकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पार्टी अनुशासन का पालन अनिवार्य है, विशेष रूप से आगामी राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए. बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीता बाजपेयी और पूर्व मंत्री एवं विधायक सुरेन्द्र चौधरी भी उपस्थित रहे.

> दोनों नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जवाबदेही और सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर बल दिया। राजेन्द्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठनात्मक पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और पार्टी अपने सिद्धांतों तथा मर्यादा के विपरीत आचरण को बर्दाश्त नहीं करेगी। सूत्रों के अनुसार, समिति अपनी अंतिम रिपोर्ट बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को सौंपेगी। अनुशासन समिति आने वाले सप्ताहों में शेष शिकायतों की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई करेगी।

## गौ संरक्षण के दावे पर कांग्रेस का निशाना

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में गोवंश की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे राज्य सरकार के गौ संरक्षण और कल्याण के खोखले दावे उजागर हो रहे हैं.

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब प्रदेश अभूतपूर्व गोवंश संकट से जूझ रहा है, तब मुख्यमंत्री धार्मिक दिखावे के रूप में गोवर्धन पूजा जैसे आयोजनों में व्यस्त हैं, ताकि जनता का ध्यान वास्तविक समस्याओं से हटाया जा सके. डॉ. चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गौ संरक्षण को केवल चुनावी लाभ का माध्यम बना चुकी है, जबकि राज्य में गोवंश तस्करी, हत्या और गौशालाओं की बदहाल स्थिति पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही.

## कार धोते समय युवक की करंट लगने से मौत

**आगर-मालवा.** आगर-मालवा में सोमवार देर शाम दीपावली के दौरान जिले के बड़ा गवलीपुरा निवासी राहुल गवली (31) की कार धोते समय करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। राहुल अपने छोटे भाई अंकित गवली के गैराज में मदद करने आए थे, तभी उन्हें बिजली का झटका लगा। घटना के तुरंत बाद अंकित ने बिजली का कनेक्शन बंद किया और राहुल को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। राहुल पेशे से ड्राइवर थे और उनकी तीन वर्षीय बेटी है। शव का पोस्टमार्टम कर आज सुबह परिजनों को सौंप दिया गया।

# दलित युवक से मारपीट कर पिलाई पेशाब

## तीन युवकों पर एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज



नवभारत न्यूज

**भिंड. भिंड में तीन युवकों पर दलित वर्ग के ड्राइवर के साथ मारपीट करने और पेशाब पिलाने के आरोप लगे हैं. ड्राइवर का कहना है कि तीनों युवक उसे ग्वालियर से बंधक बनाकर भिंड के सुरपुरा लाए.** उसे पीटा, जबरन शराब पिलाई, पेशाब पीने पर मजबूर किया और बाद में छोड़कर भाग गए. पीड़ित को मंगलवार को भिंड जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी संजीव पाठक और कलेक्टर करोड़ी लाल मीणा अस्पताल पहुंचे और पीड़ित से बात की. फिलहाल,पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर केस दर्ज कर लिया है. पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है. पहले दतावली गांव के सोनू बरुआ की बोलेरो चलाता था. बीते कुछ दिन से गाड़ी चलाना बंद कर दिया था और ग्वालियर के दीनदयाल नगर में अपने ससुराल जाकर रहने लगा था. सोमवार की रात सोनू के साथ दतावली का ही आलोक पाठक और भिंड का रहने वाला छोटू ओझा पीड़ित के पास पहुंचे. उसे जबरन कार में बैठा लिया और सुरपुरा गांव ले आए. गांव पहुंचने के बाद उसके साथ अमानवीयता की. पीड़ित की हालत बिगड़ी तो वे फरार हो गए. पीड़ित ने फोन लगाकर परिजन को बताया, जिन्होंने उसे अस्पताल में भर्ती कराया.

- पीड़ित की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया
- ट्रक चलाने से इनकार किया तो दोनों युवक गुस्से में आ गए

### पुलिस का कहना है...

एएसपी संजीव पाठक ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर मारपीट करने, बंधक बनाने और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है. सोनू और आलोक पुलिस की हिरासत में हैं. छोटू की तलाश जारी है. पीड़ित को पेशाब पिलाने के आरोप की जांच की जांच की जा रही है. मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे.



# बदला है मौसम का मिजाज रात के समय में हल्की ठंड

- जबलपुर और डिंडोरी में बारिश के आसार
- बारिश की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 अक्टूबर. मप्र में कई स्थानों पर बारिश के आसार बन हैं. अगले 24 घंटे के दौरान झाबुआ, जबलपुर और डिंडोरी जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है. मौसम का मिजाज अक्टूबर के महीने में पूरी तरह से बदला हुआ है.**

इसके साथ ही बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, रायसेन, सांची, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और सिवनी में भी हल्की बारिश होने के आसार बने हैं. मंगलवार को भोपाल सहित आसपास के जिलों में दिन के समय बादल छाए रहे. मौसम वैज्ञानिकों ने कई अन्य जिलों में बारिश के आसार व्यक्त किए हैं. मौसम विभाग ने इन जिलों में बारिश की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया है. प्रदेश बड़े शहरों दिन के समय धूप खिली रहेगी और रात के समय में हल्की ठंड महसूस की जा सकती है. दिन में निकल रही तेज धूप से गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है. अक्टूबर के महीने में मौसम का मिलाजुला मिजाज महसूस होता रहेगा. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि नवंबर महीने से सर्दी का अहसास होगा. तापमान में गिरावट होने से दूसरे सप्ताह से तेज ठंड का दौर भी शुरू हो जाएगा. मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के सक्रिय होने से बारिश के संभावना प्रदेश में बनी हुई है. बदलते मौसम में लोगों को अपने खान-पान में बदलाव कर बिमारियों से दूर रहने की भी सलाह दी गई है.





स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60